CHHABILENDRA ROUL
ADDITIONAL SECRETARY, DARE &
SECRETARY, ICAR
Tel.No. : +91 11 23384450
Email : secy.icar@nic.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग
कृषि भवन, नई दिल्ली-110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE
DEPARTMENT OF AGRICULTURAL RESEARCH AND EDUCATION
KRISHI BHAWAN, NEW DELHI-110001

फा0 सं0 17-4/2016- हिन्दी

दिनांक 16 जून, 2016

परिपत्र

उच्च अधिकारियों की समिति की दिनांक 4 मई, 2016 को सम्पन्न हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि परिषद मुख्यालय में किए जा रहे **'अति महत्वपूर्ण कार्यों के हिन्दी अनुवाद संबंधी व्यवस्था'** को प्राथमिकता के आधार पर सम्पन्न करने हेतु **'केन्द्रीकृत अनुवाद की व्यवस्था'** के तहत एक पूल बनाकर कार्यों को निपटाया जाए जिसमें अनुवाद कार्यों को समय पर सम्पन्न कराने हेतु हिन्दी अनुभाग, भा.कृ.अ.प. के साथ डेयर में कार्यरत हिन्दी अधिकारियों, डीकेएम की सम्पादकीय यूनिट (हिन्दी), महानिदेशक महोदय के कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी तथा परिषद के विभिन्न संस्थानों में कार्यरत सभी उप निदेशक(रा.भा.)/ सहायक निदेशक (रा.भा.)/तकनीकी अधिकारियों/हिन्दी अनुवादकों की सेवाएं भी ली जाएं। इसके अलावा, डीकेएमए के अनुवाद पैनल में स्थित व्यक्तियों की सेवाएं भी आउटसोर्सिंग आधार पर ली जा सकती हैं।

उपरोक्त निर्णय के अनुपालन हेतु सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि वे अपने मोबाईल नम्बर, ई-मेल नम्बर परिषद मुख्यालय के हिन्दी अनुभाग को ई-मेल सं0 seemachopra.icar@gov.in, hindianubhag@yahoo.in पर शीघ्रातिशीघ्र भेज दें तथा संबंधित कार्मिक तथा उनके नियंत्रण अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि परिषद मुख्यालय के हिन्दी अनुभाग से जब भी अति-तात्कालिक/समयबद्ध अनुवाद सामग्री अनुवाद हेतु भेजी जाए तो उसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर सम्पादित करके वापस दिया जाए।

16.6.2016

**(छबिलेन्द्र राऊल)**
**सचिव, भा.कृ.अ.प.**

वितरण:

1. परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/ब्यूरो/केन्द्रों आदि के निदेशक ।
2. परियोजना निदेशक (डीकेएमए)/हिन्दी सम्पादकीय यूनिट (डीकेएमए), कृषि अनुसंधान भवन-I, पूसा, नई दिल्ली-12 ।
3. निदेशक (डेयर)/उपसचिव (डेयर)/सहायक निदेशक (रा.भा.), डेयर ।
4. परिषद मुख्यालय सहित विभिन्न संस्थानों में कार्यरत सभी उप निदेशक (रा.भा.) सहायक निदेशक(रा.भा.)/ तकनीकी अधिकारी/हिन्दी अनुवादक आदि ।
5. महानिदेशक, भा.कृ.अ.प. के कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ।
6. हिन्दी अनुभाग, भा.कृ.अ.प. के सभी अधिकारी ।
7. गार्ड फाइल ।